भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1057
08 दिसंबर, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

"यू-विन" परियोजना

1057. श्री सय्यद ईमत्याज जलील:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का 'यू-विन' पोर्टल लॉन्च करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या 'यू-विन' परियोजना को-विन पोर्टल के साथ/से जुड़ी हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या 'यू-विन' परियोजना मरीजों के इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड बनाती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार ने डेटा को सुरक्षित रखने के लिए कोई गोपनीयता मूल्यांकन किया है और यदि हां, तो उसका विवरण क्या है; और
(ङ) क्या सरकार की इस डेटा को एपीआई के माध्यम से निजी कंपनियों के साथ साझा करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (प्रो. एस.पी.सिंह बघेल)

(क) वर्तमान में यू-विन पोर्टल कार्यान्वयन के प्रायोगिक चरण में है।

(ख) यू-विन पोर्टल को-विन पोर्टल से लिंक किया गया है और बच्चों के पंजीकरण की सुविधा के लिए पंजीकृत मोबाइल नंबर का उपयोग करके को-विन से लाभार्थियों के रिकॉर्ड को यू-विन के माध्यम से देखा जा सकता है।

(ग) यू-विन पोर्टल केवल टीकाकरण की स्थिति को ही दर्ज करता है और रोगियों का इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड नहीं बनाता है।

(घ) डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार के अधिदेश के अनुसार सीईआरटी-इन पैनलबद्ध एजेंसी द्वारा यू-विन पोर्टल का सुरक्षा ऑडिट पूरा कर लिया गया है।

(ङ) वर्तमान में यू-विन पोर्टल कार्यान्वयन के प्रायोगिक चरण में है और एपीआई के माध्यम से निजी कंपनियों के साथ डेटा साझा करने की कोई योजना नहीं है।

******